मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.215
05 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

दिल्ली मेट्रो रेल का परिचालन निजी क्षेत्र को सौंपा जाना

215 # श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा मेट्रो रेल का परिचालन निजी क्षेत्र को सौंपने की दिशा में विचार किया जा रहा है;

(ख) क्या इससे पहले किसी लाइन का संचालन निजी क्षेत्र को सौंपा गया है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क): जी, नहीं।

(ख): जी, नहीं। हालाँकि, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सूचित किया है कि उन्होंने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत वित्तपोषण, डिजाइन, खरीद, इंस्टालेशन, सभी प्रणालियों की कमीशनिंग और एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन (एईएल) के संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) के लिए मैसर्स दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड (डीएएमईपीएल) के साथ 30 वर्षों के लिए रियायती समझौता किया है। डीएएमईपीएल ने 30.06.2013 को एकपक्षीय रूप से एईएल का ओ एंड एम बंद कर दिया है और 01.07.2013 से डीएमआरसी को सौंप दिया है।

(ग): डीएमआरसी ने सूचित किया है कि उन्होंने 1 जुलाई 2013 से एईएल के ओ और एम का कार्य अपने हाथ में लिया है। तब से, डीएमआरसी एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के ओ' और एम का प्रबंधन कर रहा है।

******